# न्यूज 12 भारत

डिजिटल मीडिया

सच्ची बात

Website : www.news12bharat.com






संस्करण : धनबाद | शनिवार 27 अप्रैल 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया


# शहर समेत जिले के 162 गांवों में बनेगा मास्टर प्लान

(न्यूज12 भारत)

गया: गया शहर समेत जिले के 162 गांवों का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, इसके द्वारा आम लोगों की जरूरत का खासा ध्यान रखा जाएगा,गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई है इसमें गया आयोजन क्षेत्र के जीआइएस मास्टर प्लान निर्माण के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा चयनित एजेंसी स्टेसीलाइट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता के साथ बैठक की गई है।इस बैठक में क्षेत्र के विभिन्न समस्यायों जैसे मे की जाम की सयस्या,पेयजल,गया नगर के आस पास क्षेत्र का समग्र विकास के बारे में विस्तार से चर्चा



की गई है,गया आयोजना क्षेत्र के विकास के लिए अर्बन ग्रोथ सेटर का निर्माण किया जाएगा, मास्टर प्लान के द्वारा आयोजना क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, नगर आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी गया आयोजन क्षेत्र के द्वारा एजेंसी से एक कलमबद्ध और चरणबद्ध प्रतिवेदन और अब तक किये गये कामो का विस्तृत जानकारी की मांग की गई है।गया आयोजना क्षेत्र के मास्टर प्लान के लिए सहायक टाउन प्लान पर्यवेक्षक अंकिता को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। नगर प्रबंधक आसिफ सिराज को वरियप्रभार मे रहेगे, नगर आयुक्त ने आगे बताया कि गया आयोजना क्षेत्र के विकास गया की आम जनता के लिए ईजी आफ़ लिंविंग सूचकांक में प्रगति आएगी,गया नगर निगम का मास्टर प्लान अमृत योजना के दिए हुए दिशा निर्देश और नीती आयोग की आधुनिक शहरी विकास के बारिकीयो को ध्यान में रखकर किया जाएगा, नगर आयुक्त आगे यह भी बताया की शीघ्र गया आयोजना क्षेत्र के विकास से संबंधित विभागों के साथ बैठक कि जाएगी।

## एक नजर

### वोटर कार्ड के अलावा अन्य 11 दस्तावेज के साथ मतदाता कर सकते हैं मतदान

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता अपने वोटर आईडी कार्ड के अलावा अन्य 11 दस्तावेज के साथ मतदान कर सकते हैं। मतदान करने के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र/राज्य सरकार/पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग या पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा उनके कर्मचारियों के लिए जारी सर्विस आइडेंटी कार्ड, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी पासबुक, पैन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, सांसद/विधायक/विधान परिषद सदस्य द्वारा जारी अधिकृत पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अंतर्गत भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त (आरजीआई) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड से मतदान कर सकते हैं।

### बीबीएमकेयू में अभाविप ने किया भूगोल विभाग के नए विभाग अध्यक्ष का स्वागत



(न्यूज12 भारत)

धनबाद:चास महाविद्यालय चास की भूगोल विभाग की सहायक अध्यापिका प्रो. शीतल शैली टोप्पो को विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद की स्नातकोत्तर भूगोल विभाग अध्यक्ष बनाया गया।शुक्रवार 26 अप्रैल को धनबाद के विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा उन्हें छात्र हित मे कार्य करने के लिए शुभकामनाएं भी दी गई। मौके पर विश्वविद्यालय के छात्र नेता मनीष झा, संस्कार केंद्रीया, राकेश रजक, नीतू कुमारी, हनी पाठक, निशा ,अंजलि, स्वाति, स्वीटी , साक्षी समेत दर्जनों छात्रा मौजूद थे।

### वरीय पुलिस अधीक्षक से झुठे मुकदमे मे फसाने को लेकर की निष्पक्ष जांच की मांग



(न्यूज12 भारत)

लो या बा द : लोयाबाद भाजपा मंडल के महामंत्री सह विधायक प्रतिनिधि दिनेश रवानी ने प्रेस रिलीज कर वरीय पुलिस अधीक्षक से झुठे मुकदमे मे फसाने को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की . दरअसल ,मामला 23.4.2024 मंगलवार की है एकड़ा निवासी सुजित केवट के साथ कुछ लोगो ने मारपीट की थी जिसमे सुजित केवट गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी शिकायत पीडिता ने केन्दुआडीह थाना मे की है जिसका केस नंवर 42 / 24 है इस केस मे पीडिता ने मुझे यानी दिनेश रवानी और मेरे भाई राजेश रवानी को मनगढंत एवं झुठे तरह से फसाने का काम किया है जबकि पीडिता ने जिस समय हमले की बात अपने आवेदन मे दिया है उस समय मै और मेरा भाई घर मे मौजूद थे इसका प्रमाण मेरे घर मे लगे सीसीटीवी फुटेज कैमरा मे देखा जा सकता है वही दिनेश रवानी ने 26.4.2024 को वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है

# गिरिडीह लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी होंगे मो इश्तियाक अहमद

- ए आइ एम आइ एम का पूर्ण समर्थन मिला मो साकिर, नसीमा खानम
- गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र में मो इश्तियाक अहमद से बेहतर उम्मीदवार कोई नहीं,संतोष कुमार ठाकुर ,मो.महिउद्दीन
- भारतीय मानवता जन अधिकार पार्टी का पूर्ण समर्थन डॉ केपी अहमद

बेरमो से राजेश मिश्रा

बेरमो/ खेतको युवा दिलों का धड़कन मोहम्मद इश्तियाक अहमद गिरिडीह लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरेगा। बता



दे कि मुसलमान राजनीतिक रूप से अछूत हो चुका है, यही सच्चाई है चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सब के लिए। इसका जीता जागता उदाहरण इस लोकसभा चुनाव लेकिन सवाल उठता है। अल्पसंखया के तरफ से भाजपा नहीं देती है मुसलमानो को टिकट यह तो सर्वाज्ञात है। लेकिन भाजपा दावा भी नहीं करती है, बताते चले कि राजनीतिक में मुसलमानो को प्रतिनिधित्व देने का ऊपर का आंकड़ा भाजपा विरोधी गठबंधन इंडिया गठबंधन का है जो इंक्लूसिव राजनीतिक सेकुलर राजनीतिक जितना जिसकी आबादी उतनी उसकी हिस्सेदारी जैसे मुद्दों पर राजनीति करती है। इस तरह से कई दर्द है जिसके बाद श्री अहमद निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। भारतीय मानवता जन अधिकार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ केपी अहमद ने सभी पार्टी एवं दलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि झारखंड में निष्पक्ष निस्वार्थ राजनीति की आवश्यकता है 24 वर्षों में भाजपा कांग्रेस झामुम एवं आजसू को भरपूर सत्ता सुख मिला है लेकिन राज्य से ना तो पलायन रुका ना निवेश करने का वातावरण बना, श्री डॉक्टर अहमद ने बोले की किसी भी सरकार का दोबारा झारखंड में ना आना सिद्ध करता है कि 5 वर्ष केवल लूटपाट की राजनीति करने में निपट जाते हैं, जिससे युवा इतना हताश हो गए हैं कि उन्हें कोई भी बहला कर अपने जाल में फसा कर उनसे उनका कीमती वोट लेकर छोड़ देते हैं और अपना व्यक्तिगत राजनीतिक को चमक कर गायब हो जाते हैं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार श्री अहमद को ए आई एम आई एम के तरफ़ से पूर्ण समर्थन मिला है । पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर ने कहा गिरिडीह लोकसभा में लंबे समय से अच्छे सांसद की कमी खल रही थी ऐसे में क्षेत्र की जनता के लिए श्री अहमद को सामने आना बहुत जरूरी है।

# निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी का तूफानी दौरा



(न्यूज12 भारत)

धनबाद। धनबाद लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी का तूफानी दौरा जारी है। लक्ष्मी देवी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र के साथ झरिया विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान लक्ष्मी देवी महिलाओं से मिली और धनबाद लोकसभा से अपने लिए वोट का आशीर्वाद मांगी। महिलाओं का समर्थन लक्ष्मी देवी को मिल रहा है।

लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद के विकास को जानबूझ काट ग्रहण लगाया गया। एयरपोर्ट, एम्स अस्पताल, रेल आदि चुप्पी के कारण छीन गया। लेकिन अगर धनबाद की जनता ने आशीर्वाद दिया तो धनबाद को जन सुविधा का सौगात जरूर मिलेगा और नागरिक सुविधा बहाल होगी। बिजली पानी पर्याप्त और निर्बाध मिलेगा।

लक्ष्मी देवी ने लोगों से मिलकर आशीर्वाद और समर्थन मांगा।

# बलियापुर अंचल कार्यालय में एसीबी की टीम ने ब्लॉक कॉर्डिनेटर को दबोचा

- तीस हजार घुस लेने का मामला

(न्यूज12 भारत)



बलियापुर: बलियापुर अंचल कार्यालय में आज दोपहर करीब 12 बजे धनबाद एसीबी की टीम ने ब्लॉक कॉर्डिनेटर जयंत कुमार दे को तीस हजार घुस लेते रंगे हाथों पकड़ा। लगभग डेढ़ घंटे की कारवाई के बाद जयंत कुमार दे को गिरफ्तार करके ले गई। बलियापुर भिखराजपुर के ही ठेकेदार मोहम्मद इरशाद से 5 लाख रुपए से बने फाइबर ब्लॉक के काम का बिल पास कराने को लेकर तीस हजार का घुस मांगा था ।

आपको बता दें गोलमारा हरी मंदिर और दोलाबड़ में फाइबर ब्लॉक का काम हुआ था जो ढाई ढाई लाख की लागत से बना है उसी काम का बिल पास कराने के लिए मोहम्मद इरशाद लगातार अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहा था, जयंत कुमार दे के द्वारा 30 हजार घुस मांगा गया था तभी इसकी सूचना धनबाद एसीबी को दी गई और कारवाई के तहत गिरफ्तारी हुआ।

# धनबाद के विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट दें - सीता राणा

(न्यूज12 भारत)

धनबाद। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह कें पक्ष में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने धनबाद नगर अध्यक्ष पुनम देवी के नेतृत्व में मनईटांड, गांधी नगर सब्जी बगान, मटकुरिया क्षेत्र में सघन जन संपर्क अभियान चलाया।

मौके पर सीता राणा ने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि धनबाद का विकास कांग्रेस प्रत्याशी ही कर सकता है। सीता राणा ने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी पर भरोसा कीजिए यह आम आदमी के जीवन को बदलने और खुशियां लाने वाला है।



जिला सचिव हेमंती जयसवाल ने कहा कि आजं कुछ लोग धनबाद में विकास ना होने और विकास करने का दावा कर रहे जबकि धनबाद में उन्हीं का प्रतिनिधित्व रहा है। इस झूठे वादे और झूठे सपने से बचना है और धनबाद के सपने को पूरा करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए हाथ का बटन दबाना है। धनबाद नगर अध्यक्ष पुनम देवी ने कहा कि धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की प्रचंड जीत होगी। धनबाद नगर में महिला कांग्रेस द्वारा सघन जन संपर्क अभियान के माध्यम से कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की ज रही है। धनबाद की जनता कांग्रेस के विचारधारा के साथ है।

जन संपर्क अभियान में नूतन विश्वकर्मा , सुनीता निषाद, रजनी देवी, गीता सिंह, मुस्कान कुमारी, सिक्की देवी, रिंकू देवी, भागी महतो, पार्वती देवी, बिटू सिंह, निशा देवी, रीना देवी, बॉबी शर्मा, ओम गीता, मीना देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी आदि शामिल थी।

### सीआईएसएफ बल के सदस्यों ने राहगीरों को शरबत पिलाने का कार्यक्रम किया आयोजित



(न्यूज12 भारत)

मैथन। डीबीसी मैथन में कार्यरत सीआईएसएफ की इकाई के उपसमादेष्टा अनिल कुमार के निर्देशन में संरक्षिका कार्यक्रम के अंतर्गत भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सीआईएसएफ बल सदस्यों के द्वारा शुक्रवार सीआईएसएफ के बैरक -01 के सामने राहगीरों को शरबत पिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में शामिल बल सदस्यों ने बताया की क्षेत्र में पड़ रही भयानक गर्मी और लू को देखते हुए गर्मी और लू से निजात दिलाने के लिए मानव हित में शर्वत पिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।हमारे अधिकांश बल सदस्य पर्वों को मानने के समय अपने परिवार के साथ नही होते तो इस तरह का सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर परिवार के संग होने की अनुभूति को अनुभव कर आत्मसंतुष्ट हो लेते हैं।

# हिटवेब बचाव संबंधित सभी व्यवस्थाएं हर अस्पताल में हो - जिलाधिकारी

- आपदा प्रबंधन के दिशा निर्देश को पालन करें

(न्यूज12 भारत)

गया।जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में हीटवेव (लू) से बचाव संबंधी समीक्षा बैठक जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे। हीटवेव (लू) से बचाव हेतु आपदा विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का शत प्रतिशत पालन करना सुनिश्चित करेंगे। नगर आयुक्त, गया नगर निगम को निर्देश दिया गया की जहां भी पियाऊ,चापाकाल बंद पड़े हैं, उन्हें यथाशीघ्र चालू करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही रैन बसेरा में कूलर, शुद्ध पेयजल, ओआरएस,




इत्यादि पर्याप्त मात्रा में रखना सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नगर पंचायत को निर्देश दिया की नगर निगम, नगर निकाय क्षेत्र के वार्ड पार्षद, मुखिया के साथ हिट वेव से बचाव से संबंधित बैठक करना सुनिश्चित करेंगे जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित उपचार किया जा सके। सिविल सर्जन को आदेश दिया गया कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर विशेष हिटवेव वार्ड आरक्षित करना सुरक्षित करेंगे, जहां कूलर, पेयजल, ओआरएस, जीवन रक्षक दवाइयां इत्यादि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखेंगे। साथ ही जिले में उपलब्ध सभी एंबुलेंस को सुचारू करते हुए सभी प्रखंडों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया की सभी आशा, एएनएम, सेविका, सहायिका, जीविका दीदी तथा प्रखंड के शिक्षकों को रोस्टरवार हीटवेव से सुरक्षा व बचाव से संबंधित प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे। हीटवेव समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने अधीक्षक मगध मेडिकल अस्पताल को निर्देश दिए कि एयर कंडीशन सहित कम से कम 100 बेड सेपरेट रखते हुए हीटवेव का स्पेशल वार्ड घोषित करें। हीटवेव के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई एस०ओ०पी० के तहत एक चेक लिस्ट बनाए, उसी के अनुरूप सभी तैयारियां को सुनिश्चित करवाएं। सभी प्रकार की दवाएं एवं उपचार सामग्री मौजूद रखें। डीप फ्रीजर एवं आइसबॉक्स हर हाल में मौजूद रखें। सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से यह सुनिश्चित कराएं की सभी सरकारी अस्पतालों में हीटवेव संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण रखे। आइस बॉक्स, ओ आर एस तथा अन्य महत्वपूर्ण दवाई उपलब्ध रखें।

